देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 24 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**हर पहलू की हो जांच



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 23 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 23.0° | 41243.38 | 2 फिर भारत की तारीफों के बांधे पुल | 7 निराश रोहित ने की धोनी की तारीफ

# यूक्रेन संकट बातचीत से हो हलः पीएम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। जानसन ने शुक्रवार को पीएम नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में स्थित हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी है। पीएम मोदी और बोरिस जानसन ने इस मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित किया। मोदी ने कहा, मैं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन का भारत में स्वागत करता हूं। आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की भारत यात्रा ऐतिहासिक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटिश पीएम बोरिस जानसन के साथ साझा बयान में कहा कि, यूक्रेन संकट में हमने तुरंत युद्धविराम और समस्या के समाधान के लिए डायलॉग और डिप्लोमेसी पर बल दिया है। इसके साथ ही हमने सभी देशों की क्षेत्री अखंडता और संप्रभुता के सम्मान के महत्व को भी दोहराया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि, भारत और ब्रिटेन के बीच जलवायु और उर्जा पार्टनरशिप को और अधिक गहन करने का निर्णय लिया गया है। हम ब्रिटेन को भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## पीएम मोदी और बोरिस जानसन के बीच रक्षा सहयोग और फ्री ट्रेड को लेकर हुई बातचीत

**क्या बोले बोरिस जानसन?**

ब्रिटिश पीएम ने कहा कि आज हमारी शानदार बातचीत हुई और हमने अपने रिश्ते को हर तरह से मजबूत किया है। भारत और ब्रिटेन के बीच साझेदारी हमारे समय की परिभाषित दोस्ती में से एक है। ब्रिटेन नौकरशाही को कम करने और रक्षा खरीद के लिए डिलीवरी के समय को कम करने के लिए एक भारत विशिष्ट खुला सामान्य निर्यात लाइसेंस बना रहा है। उन्होंने कगा कि हिंद-प्रशांत



**नेशनल हाइड्रोजन मिशन में शामिल होगा ब्रिटेन**

हमने अपनी जलवायु और ऊर्जा पार्टनरशिप को और अधिक गहन करने का निर्णय लिया। हम ब्रिटेन को भारत के नेशनल हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। इसके तहत तीसरे देशों में मेड इन इंडिया इनोवेशन के ट्रांसफर और scaling-up के लिए भारत और ब्रिटेन 100 मिलियन डॉलर तक को-फाइनेंस करेंगे। इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव से जुड़ने के ब्रिटेन के निर्णय का भारत स्वागत करता है।

**साल के अंत तक एफटीए के समापन का फैसलाः** मोदी ने कहा कि पिछले साल हमने दोनों देशों के बीच कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की स्थापना की थी। इस दशक में अपने संबंधों को दिशा देने के लिए हमने एक महत्वाकांक्षी रोडमैप 2030 भी लॉन्च किया था। आज हमने इस रोडमैप को भी रिव्यू किया और आगे के लिए लक्ष्य तय किए। हमने इस साल के अंत तक एफटीए के समापन की दिशा में पूरा प्रयास करने का निर्णय लिया है। पिछले कुछ महीनों में भारत ने UAE और ऑस्ट्रेलिया के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट का समापन किया है। उसी गति और कमिटमेंट के साथ हम ब्रिटेन के साथ भी एफटीए पर आगे बढ़ना चाहेंगे।

भारत में चल रहे व्यापक सुधार, हमारे आधारभूत संरचना आधुनिकीकरण योजना और National Infrastructure Pipeline के बारे में भी हमने चर्चा की। हम ब्रिटेन की कंपनियों द्वारा भारत में बढ़ते निवेश का स्वागत करते हैं। इसका एक उत्तम उदाहरण हमें कल गुजरात में हालोल में देखने को मिला।

### खास दोस्त मोदी की खातिरदारी पर फिदा जॉनसन

ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन ने भारत में अपने स्वागत पर खुलकर दिल की बात की। जॉनसन ने कहा कि जिस तरीके से गुजरात में उनका स्वागत हुआ उससे वह खुद को सचिन तेंदुलकर और अमिताभ बच्चन जैसा महसूस कर रहे थे। ब्रिटिश पीएम ने पीएम नरेंद्र मोदी को खास दोस्त बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहद मजबूत हुए हैं। जॉनसन ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत के पत्रकारों को अपनी भारत यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। गुजरात में अपने स्वागत पर अभिभूत नजर आ रहे जॉनसन ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे कि मैं सचिन और अमिताभ हूं। अहमदाबाद में मेरे पोस्टर चारों तरफ लगे हुए थे मैं अभिभूत था।

## संक्षिप्त समाचार

### लालू को मिली जमानत, 10 लाख देकर जेल से छूटेंगे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रांची। चारा घोटाला के 5 मामलों के सजायाफ्ता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को लालू यादव को कुछ शर्तों के साथ जमानत की सुविधा प्रदान कर दी। जेल से बाहर आने के लिए लालू को सिविल कोर्ट में 10 लाख रुपये जमा कराने होंगे। साथ ही एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड भरने होंगे।

### श्रीलंका में 21.5 प्रतिशत हुई मुद्रास्फीति की दर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कोलंबो। श्रीलंका का वित्तीय संकट लगातार बढ़ता ही जा रही है। श्रीलंका सरकार के आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष मार्च में वहां पर मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 21.5 प्रतिशत तक हो गई है। इस बीच वित्त मंत्री अली साबरी ने आईएमएफ के अधिकारियों से देश के लिए राहत पैकेज पर मुलाकात की है।

# मैदान से पहाड़ तक मौसम में हुआ बदलाव

## केदारनाथ में बर्फबारी और चमोली में बारिश से बुझी जंगलों की आग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

देहरादून। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल गया। केदारनाथ सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई तो वहीं चमोली में बारिश होने से जंगल की आग से राहत मिली।

मौसम का मिजाज बदल गया केदारनाथ में बर्फबारी हुई। चमोली में भी मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद बारिश और हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से एक ओर जहां तपती गर्मी से निजात मिली। वहीं, जंगलों में लगी आग भी बुझ गई। जिससे वन विभाग ने राहत की सांस ली।


**गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में कई घंटे हल्की बारिशः** उत्तरकाशी जिला मुख्यालय सहित हर्षिल घाटी, गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम में कई घंटे हल्की बारिश जारी रही। गुरुवार रात को भी हर्षिल और गंगोत्री घाटी में बारिश हुई थी।

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के साथ बंगाल की खाड़ी से आ रही तेज हवा ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। अगले 24 घंटे के दौरान उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय इलाकों में बिजली गिरने के साथ ही 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है।

**दून में चिलचिलाती धूप**


राजधानी देहरादून में शुक्रवार को भी दिनभर चिलचिलाती धूप खिली रही। जिससे लोग गर्मी से बेहाल हो गए। मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश में कहीं-कहीं ओलावृष्टि और बारिश की संभावना जताई थी। मैदानों में अंधड़ को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया था।



# कोरोना के सक्रिय मामले 14 हजार के पार हुए

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सक्रिय मामले 14,241 हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 2,451 नए मामले मिले हैं जो एक दिन पहले के मुकाबले ज्यादा हैं। इस दौरान 54 और मरीजों की जान भी गई है, जिसमें 48 मौतें अकेले केरल से हैं। केरल में पहले हुई मौतों को नए आंकड़ों के साथ मिलाकर जारी किया जा रहा है। इसके अलावा, दिल्ली, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तराखंड में भी एक-एक मौतें हुई हैं।



**तमिलनाडु में भी मास्क अनिवार्य** कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन में लापरवाही और कोरोना संक्रमण में बढ़ोतरी को देखते हुए तमिलनाडु सरकार ने फेस मास्क नहीं पहनने वालों पर जुर्माना लगाने की फिर से शुरुआत कर दी है। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि पूरे राज्य में कोविड प्रोटोकाल के नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

**अलर्ट**

- तमिलनाडु में मास्क अनिवार्य
- दिल्ली में जारी हुई नई गाइडलाइन

**दिल्ली के स्कूलों के लिए नए दिशा-निर्देशः** वहीं दिल्ली सरकार ने संस्थानों में कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन पर जोर दिया है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को स्कूलों के लिए नए दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि छात्रों और कर्मचारियों को बिना थर्मल स्कैनिंग के परिसर में दाखिल नहीं होने दिया जाए। यही नहीं अभिभावकों को भी राज्य सरकार की ओर से सलाह दी गई है कि वे बच्चों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने पर उनको स्कूल ना भेजें।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# बदरीनाथ हाईवे पर गिरे भारी बोल्डर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

देहरादून। चमोली जोशीमठ में ऑलवेदर रोड परियोजना कार्य के दौरान शुक्रवार को बदरीनाथ हाईवे टैया पुल के समीप छह घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान बदरीनाथ धाम जा रहे अधिकारियों और व्यापारियों के साथ ही स्थानीय लोगों को अपने वाहनों में ही हाईवे खुलने का इंतजार करना पड़ा। इन दिनों

**छह घंटे बंद रही आवाजाही, करना पड़ा लंबा इंतजार**

बदरीनाथ हाईवे पर चौड़ीकरण का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। जोशीमठ के मारवाड़ी से लेकर रड़ांग बैंड तक ऑलवेदर रोड परियोजना कार्य से हाईवे अस्त-व्यस्त है। शुक्रवार सुबह हाईवे चौड़ीकरण के दौरान अचानक पहाड़ी से भारी मात्रा में बोल्डर और मलबा हाईवे पर आ गया। इससे हाईवे के दोनों ओर से वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

बीआरओ के कमांडर कर्नल मनीष कपिल ने बताया कि हाईवे पर यातायात बहाल हो गया है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग इस तरह की समस्या हर दिन सामने आती है। एनएच के द्वारा मलबा हटाने का काम किया गया, जिससे यातायात जल्दी बहाल किया जा सका।